महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

क़ादर नवाज़ ख़ान
कुलसचिव (कार्यवाहक)
**Kadar Nawaz Khan**
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902

क्रमांक : 003/2011/शो.परि./266/2024 /346
दिनांक : 23.12.2025

# सूचना

सभी संकाय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि **ICSSR** तथा अन्य संस्थानों द्वारा आमंत्रित किये जाने वाले विभिन्न शोध प्रस्तावों तथा ऐसे अन्य सभी प्रस्तावों जिनमें **Plagiarism & AI Detection Report** अथवा समकक्ष प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होती है, उनके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया निर्धारित की जाती है :

1. **आवेदन की प्रस्तुति** : संबंधित आवेदक अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्रावली में प्रस्तुत कर कुलसचिव कार्यालय में प्रेषित करेंगे। कुलसचिव कार्यालय द्वारा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत **Annexure–IV** निर्गत किया जाएगा।
2. **Annexure–II हेतु प्रस्ताव भेजना** : **Plagiarism & AI Detection Report (Annexure–II)** जारी कराने हेतु आवेदक किसी भी **Plagiarism & AI Detection Software** के माध्यम से निर्गत **Plagiarism & AI Detection Report** आवेदन के साथ पत्रावली में संलग्न कर प्रेषित करेंगे। इस रिपोर्ट में आवेदक का नाम और शोध विषय स्पष्ट प्रदर्शित होना चाहिए।
   साथ ही **Project proposal** और **Annexure–II** की सॉफ्ट कॉपी (जिसमें **Project Details** संबंधी जानकारी अवश्य हो) ई-मेल द्वारा निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ (**rdc@hindivishwa.ac.in**) को प्रेषित करेंगे। कुलसचिव कार्यालय द्वारा पत्रावली निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ को भेजी जाएगी।
3. **अंतिम निर्गमन**: शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा सत्यापित **Annexure–II** पर निदेशक के हस्ताक्षर एवं मुहर लगाकर इसे निर्गत किया जाएगा तथा पत्रावली पुनः कुलसचिव कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी।

सभी संकाय सदस्यों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के आवेदन/प्रमाण-पत्र हेतु अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें। उक्त प्रक्रिया में न्यूनतम 3–4 कार्यालयीन दिवस का समय आवश्यक है। अतः अंतिम तिथि से कम से कम एक सप्ताह पूर्व अपना आवेदन कुलसचिव कार्यालय में प्रस्तुत करें। अंतिम तिथि के तीन दिन पूर्व से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

यह व्यवस्था केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा **Plagiarism & AI Detection Software** उपलब्ध कराये जाने तक लागू की जाती है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

क़ादर नवाज़
(क़ादर नवाज़ ख़ान)
23/12/25

**प्रति (ई-मेल द्वारा) : समस्त संकाय सदस्य।**
**प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा) :**

1. कुलपति सचिवालय,
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केन्द्र निदेशक,
3. प्रभारी, लीला वेबसाइट पर अपलोड हेतु
4. संबंधित पत्रावली